# ब्लड बैंक की भयावह लापरवाही: 6 थैलेसीमिया बच्चों को चढ़ा HIV संक्रमित रक्त, कलेक्ट्रेट घेराव

**सतना। सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल के ब्लड बैंक से जुड़ी एक अत्यंत गंभीर और आपराधिक लापरवाही का मामला सामने आया है।थैलेसीमिया से पीड़ित चार मासूम बच्चों को कथित तौर पर एचआईवी पॉजिटिव रक्त चढ़ाए जाने की पुष्टि हुई है। कलेक्टर सतीश कुमार एस ने अपडेट देते हुए बताया है कि अब संक्रमितों की संख्या बढ़कर 6 हो चुकी है। उन्होंने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है और रक्तदाताओं को ट्रेस करने की स्क्रीनिंग जारी है। यह घटना लगभग चार महीने पुरानी बताई जा रही है।**



थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को नियमित रक्त आधान की आवश्यकता होती है। इसी प्रक्रिया के दौरान ये बच्चे एचआईवी संक्रमित पाए गए। परिजनों ने सीधे तौर पर ब्लड बैंक से मिले संक्रमित रक्त को संक्रमण का कारण बताया है। नियमानुसार,रक्त चढ़ाने से पहले एच आईवी सहित सभी संक्रमणों की जांच अनिवार्य होती है,लेकिन 6 बच्चों का संक्रमित होना ब्लड बैंक की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। बच्चों के माता-पिता की जांच निगेटिव आई है,जो ब्लड बैंक की गलती की आशंका को और मजबूत करती है। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ.देवेंद्र पटेल ने सफाई दी है कि बच्चों को अन्य अस्पतालों से भी रक्त दिया गया था,जिससे संक्रमण का सटीक स्रोत निर्धारित करना कठिन है। उन्होंने विंडो पीरियड (20 से 90 दिन) का हवाला दिया,जिसमें शुरुआती संक्रमण पकड़ में नहीं आता। हालांकि,चार बच्चों का संक्रमित होना बताता है कि या तो रक्त यूनिट्स की जांच ठीक से नहीं हुई या उपयोग की गई रैपिड टेस्ट किट की संवेदनशीलता पर्याप्त नहीं थी। मामले के सामने आने के बाद शुरू की गई डोनर ट्रेसिंग प्रक्रिया में भी गलत मोबाइल नंबर और अपूर्ण पते जैसी बड़ी समस्याएँ आ रही हैं,जिससे अब तक सभी डोनरों को चिन्हित नहीं किया जा सका है।इस जघन्य लापरवाही के विरोध में मंगलवार को युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया।कार्यकर्ताओं ने इसे केवल लापरवाही नहीं,बल्कि गंभीर आपराधिक कृत्य करार देते हुए स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।युवा कांग्रेस ने सतना जिला स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल निलंबित करने और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने एसडीएम राहुल सिलाड़िया को ज्ञापन सौंपकर दो दिन के भीतर ठोस कार्रवाई करने की चेतावनी दी है,अन्यथा उग्र आंदोलन की धमकी दी है। जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा इस मामले को गुपचुप तरीके से दबाने की कोशिश के बावजूद यह उजागर हुआ,जिससे लोगों में भारी आक्रोश है।

### नोडल अधिकारी को नोटिस, राज्य स्तरीय टीम करेगी जांच

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी , डॉ. मनोज शुक्ला ने तत्काल और कठोर कार्रवाई शुरू कर दी है। एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी को लापरवाही के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मामले की गहनता से जांच के लिए तीन विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक आंतरिक टीम का गठन किया गया है।उधर, स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त तरुण राठी ने तीव्र संज्ञान लिया है। उन्होंने तुरंत ही इस मामले की राज्यस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। लापरवाही की जड़ तक पहुंचने के लिए एक 6 सदस्यीय उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया गया है। यह राज्यस्तरीय जांच दल जल्द ही सतना पहुंचेगा और इस घातक चूक के लिए जिम्मेदार सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय करेगा।

## खबर संक्षेप

### मझगवां स्टेशन पर यात्रियों के लिए अलाव की व्यवस्था नहीं,

**सतना।** मझगवां स्टेशन और बस स्टैंड,जिनकी दूरी मात्र 50 मीटर है,के बीच कड़ाके की ठंड में रात्रि में ट्रेन से उतरने वाले यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चित्रकूट, बरौंधा, धारकुंडी और सरभंगा जैसे तीर्थ स्थानों की ओर जाने वाले यात्री ट्रेन से उतरकर बस स्टैंड पर बिना अलाव के खुले आसमान के नीचे बैठे रहते हैं। मजबूरी में लोगों को कचरा बीनकर अलाव जलाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। मझगवां को जनपद का मुख्यालय और चित्रकूट का प्रथम द्वार भी कहा जाता है,लेकिन इसके बावजूद यात्रियों के लिए कोई बुनियादी सुविधा, विशेषकर ठंड से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था,नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां के जवाबदार अधिकारी और कर्मचारी इस समस्या पर बिल्कुल ध्यान नहीं देते, जिससे लगभग 100 किलोमीटर के चारों तरफ के क्षेत्र के यात्री प्रभावित हो रहे हैं।

### बढ़ती ठंड को देख स्कूलों में दी जाए छुट्टी: बब्बल

**सतना।** मध्य भारत मोर्चा के जिला अध्यक्ष जसविंदर सिंह भाटिया बब्बल ने जारी बयान में कहा कि जिस तरह से जिले में कड़की की ठंड और कोहरा का सितम जारी है उसे देखकर जिला प्रशासन को छोटे बच्चों की स्कूल की छुट्टी कर देनी चाहिए। श्री भाटिया ने कहा कि मौजूदा समय में जिले का तापमान 9 डिग्री बना हुआ उसके कारण सुबह भयानक कोहरा और उसके बाद हड्डियों को भी कपकपा देने वाली ठंड बच्चों के लिए मुसीबत बनी हुई है इसलिए प्रशासन को चाहिए या तो सुबह की पाली के समय में बदलाव किया जाए अथवा छुट्टी दे दी जाए अन्यथा बच्चे बीमार पड़ जाएंगे।

### नांदो प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का भव्य आयोजन



**सतना।** रामनगर विकासखण्ड के नांदो गाँव में बहुप्रतीक्षित नांदो प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस खेल समारोह की अध्यक्षता ग्राम पंचायत नांदो के सरपंच प्रतिनिधि गणेश द्विवेदी ने की,जबकि समाजसेवी सुभाष पाण्डेय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच नांदो और सुलखमा की टीमों के बीच खेला गया,जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी मौजूद थे। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में टूर्नामेंट कमेटी के सदस्य राहुल वर्मा, राहुल सिंगरहा, अमित माहि, गोलू, मनीष,धनेश,पुष्पेंद्र, अमन, विकास, मोनू,और सत्य नारायण सहित कई ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## सतना नगर निगम में जनसुनवाई,पीएम आवास और विकास कार्यों पर विशेष ध्यान

**सतना।** नगर पालिक निगम में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योगेश ताम्रकार महापौर,शेर सिंह मीना आयुक्त,और राजेश चतुर्वेदी अध्यक्ष नगर पालिक निगम सतना उपस्थित रहे। जनसुनवाई में कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए। अतिक्रमण से संबंधित 7 आवेदन,पेयजल से संबंधित 4 आवेदन,जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित3 आवेदन,जन्म-मृत्यु शाखा से संबंधित 1 आवेदन विकास कार्य से संबंधित 8 आवेदन सम्पत्ति कर से संबंधित 1 आवेदन,प्रधानमंत्री आवास योजना 8 आवेदन शामिलहै।

### महापौर द्वारा निर्देश और आगामी कार्रवाई

प्रस्तुत आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटन,आवेदनों में कमियों और उनकी अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। विकास कार्यों से संबंधित आवेदनों के लिए स्थल निरीक्षण कर विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए।महापौर योगेश ताम्रकार ने शहरवासियों को अवगत कराया है कि यह जनसुनवाई अगले मंगलवार को फिर से आयोजित की जाएगी। साथ ही,उन्होंने बताया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों की प्रकरणवार समीक्षा भी की जा रही है,ताकि शहरवासियों का जनसुनवाई में आने का उद्देश्य सफल हो सके।

## मोबाइल लूट की घटना का खुलासा, 7 मोबाइल और नगदी बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**मैहर। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोबाइल लूट की घटना का पर्दाफाश कर दिया है और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना जैन पेट्रोल पंप के पास,कटनी रोड पर ड्यूटी पर जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे एक व्यक्ति से मोटर साइकिल सवार दो अज्ञात लड़कों उम्र लगभग 20-25 वर्ष द्वारा जबरन वन प्लस कंपनी का मोबाइल फोन लूट लिया गया था।**



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। आरोपी अमित विश्वकर्मा और विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से 07 नग मोबाइल फोन और 1300 नगद बरामद किए गए।

**न्यायालय पेश किया गया**

पूछताछ में उन्होंने लूट की अन्य घटनाएं करना भी स्वीकार किया। आरोपी अमित विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। विधि से संघर्षरत बालक के संबंध में किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## सब खेलो सब जीतो: अग्रवाल महिला मंडल का सफल आयोजन



**सतना।** समाज की अग्रणी सामाजिक संस्था अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आज,15 दिसंबर को,एक भव्य सब खेलो सब जीतो प्रतियोगिता का आयोजन बूटी बाई के अमृत हाल में किया गया।संस्था की अध्यक्ष सीमा और सचिव पूजा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में अनेक आउटडोर और इनडोर गेम्स का सफल आयोजन किया गया,जिसने सभी उपस्थित स्वाजातीय बहनों को मनोरंजन और एकजुटता का अवसर प्रदान किया।

### उपस्थित गणमान्य सदस्य

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए बी.ओ.डी.(बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स) की सदस्य मणिका,नेहा, प्रीति,मोनिका,मीना और पूर्वाध्यक्षा मंजूषा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इनके अलावा,स्वाजातीय बहनें रूपा, ममता,ज्योति, अर्चना,रागिनी,अंजू,और सरोज सहित कईअन्य सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस शानदार और सफल कार्यक्रम की जानकारी पीआर ओ (जनसंपर्क अधिकारी) नमीता एवं जया द्वारा दी गई।

## तिरंगे के सम्मान में कांग्रेसियों ने निकाली दंडवत यात्रा, नगर पालिका को सौंपा ज्ञापन

मैहर। महाराजा अग्रसेन तिराहे से नगर पालिका तक गूंजा राष्ट्रभक्ति का स्वर। मैहर में राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगे) को 100 फीट ऊंचे पोल पर नहीं फहराए जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक अनूठा और प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया।



कांग्रेस जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तिरंगे को लहराने के अधिकार की मांग करते हुए शाष्टांग (दंडवत) यात्रा निकाली। देवी जी मार्ग स्थित महाराजा अग्रसेन चौक पर स्थापित 100 फीट ऊंचे पोल पर पिछले तीन माह से तिरंगा स्थापित नहीं किया गया है। यात्रा का मार्गः सुबह 11 बजे महाराजा अग्रसेन तिराहे पर एकत्र हुए नागरिकों ने खाली पोल देखकर रोष व्यक्त किया और वहीं से दंडवत यात्रा प्रारंभ की,जो नगर पालिका कार्यालय पहुंची।

तिरंगे का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान अनिवार्य है जैसे नारों के बीच यह विरोध दर्ज कराया गया। यात्रा के समापन पर नगर पालिका प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया,जिसमें शीघ्र राष्ट्रीय तिरंगा पुनः स्थापित करने की मांग की गई,अन्यथा इसे प्रशासनिक लापरवाही और राष्ट्रीय अस्मिता का अपमान माना जाएगा।

## मैहर सिविल अस्पताल बन रहा शराबियों और दबंगों का अड्डा!

**मैहर।** सिविल अस्पताल वर्तमान समय में लड़ाई-झगड़ा करने वाले दबंगों और शराबियों का पसंदीदा अड्डा बनता जा रहा है। रात के समय आवारा तत्वों की मनमानी के कारण अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके परिजनों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में खुली कैंटीन अक्सर विवादों का अखाड़ा बनी रहती है।परिजनों द्वारा बताया गया है कि कैंटीन के अंदर बनाए गए स्टोर रूम में कुछ खास लोगों और शराबियों को शराब पिलाने का काम किया जाता है। यह सबसे बड़ी हैरानी की बात है,जबकि सिविल अस्पताल में रात में दो और दिन में दो सिक्योरिटी गार्ड तैनात हैं। विवाद होने पर उनकी भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। मरीजों के परिजनों ने चेतावनी दी है कि अगर स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय पुलिस ने समय रहते मामले को संज्ञान में नहीं लिया,तो किसी दिन अस्पताल परिसर में शराबियों और मरीजों के परिजनों के बीच खूनी संघर्ष हो सकता है।



# प्रिज़्म में 37वॉं खान सुरक्षा सप्ताह समारोह का भव्य आयोजन



**सतना।** खान सुरक्षा महानिदेशालय जबलपुर क्षेत्र के तत्वाधान में 37वॉं खान सुरक्षा सप्ताह समारोह का आयोजन 14 से 20 दिसम्बर तक मनाया जा रहा है। इस आयोजन में प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड की अमलगमेटेड प्रिज़्म सीमेंट एवं बदरखा लाइमस्टोन माइंस तथा बगहाई लाइमस्टोन माइंस का निरीक्षण 14 से 15 दिसंबर 2025 तक चला,जिसमें जबलपुर क्षेत्र की विभिन्न खदानों से वरिष्ठ अधिकारियों के निरीक्षण दल ने प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड की खदानों का दौरा किया। निरीक्षण दल में कन्वेनर सतीश गर्ग (खान प्रबंधक) अल्ट्राटेक मैहर,भास्कर मुखर्जी (वरिष्ठ प्रबंधक इलेक्ट्रिकल) एनएमडीसी पन्ना,सजल निगम मैकेनिकल इंजीनयर निर्मला मिनरल्स जबलपुर एवं सौरभ कुमार तिवारी माइंस फोरमैन जेएसडब्लू सीमेंट पन्ना शामिल थे। निरीक्षण के दौरान निरीक्षण दल ने खदानों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की और प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा खान सुरक्षा प्रणाली के लिए किए जा रहे प्रयासों की भरपूर प्रशंसा की। कार्यक्रम का शुभारंभ 15 दिसंबर 2025 को प्रातः ध्वजा रोहण एवं खान सुरक्षा शपथ के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प-गुच्छ देकर किया गया। प्रिज़्म स्कूल के बच्चों द्वारा निरीक्षक के समक्ष खान सुरक्षा से सम्बंधित स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया,खदान परिसर के आस पास के ग्रामों के स्कूल के बच्चो द्वारा इस कार्यक्रम हेतु खान सुरक्षा से सम्बंधित पोस्टर और कविताये प्रस्तुत की,खदानों और खान सुरक्षा से संबंधित इस महत्वपूर्ण सप्ताह के अवसर पर कंपनी के माइंस हेड सी.एस. पंडित ने खदान प्रबंधन की योजनाओं का विस्तृत विवरण दिया और कहाकि खान सुरक्षा और तकनीकी क्षेत्र में निरंतर प्रयास जारी रखे जाएंगे,जिससे भविष्य में किसी प्रकार की कोई घटना न घटे इस पर विशेष कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रवीण श्रीवास्तव टेक्निकल हेड यूनिट-2 ने खान सुरक्षा के लिए प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा किए जा रहे प्रयासों का वर्णन किया। उन्होंने खदान प्रबंधन और खान सुरक्षा में अपनाई जा रही नई तकनीकों पर प्रकाश डाला। साथ ही,कंपनी के कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कंपनी के कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।उपरोक्त आशय कि जानकारी प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के देवेन्द्र मिश्रा डीजीएम सीएसआर एंड पीआर ने दी।

## हरिशंकर सपा के नए जिलाध्यक्ष मनोनीत



**सतना।** समाजवादी पार्टी(सपा) ने सतना जिले में अपनी संगठनात्मक पकड़ मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। सतना के वरिष्ठ समाजसेवी,पूर्व लोकसभा एवं विधानसभा सतना प्रत्याशी हरिशंकर तिवारी को समाजवादी पार्टी,सतना का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव द्वारा की गई है।

### जन-जन तक पहुंचाएं समाजवादी विचारधारा

जिलाध्यक्ष नियुक्त होने के साथ ही हरिशंकर तिवारी को महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए गए हैं।उन्हें निर्देशित किया गया है कि समाजवादी विचाराधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर संघर्ष जारी रखें। समस्त विधानसभाओं में विधानसभा अध्यक्ष सहित पूरी कमेटी का तत्काल गठन करें। जिला कमेटी और नगर कमेटी का भी गठन सुनिश्चित करें। जन आंदोलन चलाकर और जन हितैषी कार्यक्रम आयोजित कर जनता की समस्याओं का समाधान कराएं। पार्टी की नीतियों और रीतियों को जनता के बीच प्रभावी ढंग से ले जाने का कार्य करें। पार्टी को उम्मीद है कि हरिशंकर तिवारी के नेतृत्व में सतना जिले में समाजवादी पार्टी का जनाधार और संगठनात्मक ढांचा मजबूत होगा।



## खान सुरक्षा सप्ताह में एकेएस के माइनिंग इंजीनियरिंग छात्रों की उल्लेखनीय सहभागिता

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने संगमानिया माइंस में आयोजित खान सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर सक्रिय सहभागिता दर्ज कराते हुए व्यावसायिक सुरक्षा के प्रति जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया। विश्वविद्यालय के छात्रों की यह सहभागिता खनन क्षेत्र में सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में सराहनीय मानी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों मयंक कुमार एवं शुभम कुमार ने खान सुरक्षा विषय पर गीत के माध्यम से सशक्त प्रस्तुति दी,जिसे निर्णायक मंडल द्वारा सराहा गया और उन्हें पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रस्तुति ने श्रमिक सुरक्षा, सावधानी और मानक प्रक्रियाओं के महत्व को सृजनात्मक ढंग से रेखांकित किया।इस सहभागिता में डिप्लोमा (पाँचवाँ सेमेस्टर) एवं बीटेक (सातवाँ सेमेस्टर) के विद्यार्थियों-पूनम पाठक,शशि सिंह, पारुल,श्रेया,अभय,शुभम कुमार,मयंक कुमार,शिवम सिंह,सैफुल्ला ने भाग लिया। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन शीलेंद्र उपाध्याय सहित विभागीय संकाय द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### एक सप्ताह से लापता 4 वर्षीय बालक का अब तक नहीं लगा सुराग



**पन्ना।** जिले के गुनोर जनपद पंचायत अंतर्गत आने बाले ग्राम जसवंतपुरा से करीब एक सप्ताह पूर्व लापता हुए चार वर्षीय बालक दुर्गेश उर्फ सोरभ का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। बालक के अचानक लापता होने से गांव में दहशत और परिजनों में गहरी चिंता बनी हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अमानगंज पुलिस द्वारा तत्काल एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। इसी क्रम में अमानगंज थाना प्रभारी रवि सिंह जादौन के नेतृत्व में पुलिस टीम तथा डॉग स्क्वॉड की टीम गांव जसवंतपुरा पहुंची और बालक की तलाश के लिए सघन अभियान चलाया गया। पुलिस एवं डॉग स्क्वॉड टीम ने गांव के आसपास के खेतों, जंगल, तालाब, सूने स्थानों और संभावित मार्गों पर बारीकी से जांच की। इस दौरान ग्राम सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे और पुलिस को हरसंभव सहयोग दिया। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि किसी को भी बालक के संबंध में कोई संदिग्ध जानकारी या गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल अमानगंज थाना पुलिस को सूचित करें। मंगलवार की दोपहर 12:00 बजे पुलिस का कहना है कि बालक की तलाश हर पहलु से की जा रही है और अभियान लगातार जारी रहेगा।

### मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर महिला वन कर्मी ने की आत्महत्या



**पन्ना।** पन्ना जिले के विश्रामगंज वन रेंज में पदस्थ एक महिला कर्मचारी श्रीमती आशा वर्मा ने कथित तौर पर मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर रविवार, 15 दिसंबर 2025 को अपने शासकीय आवास में जहर खा लिया। गंभीर हालत में उन्हें रीवा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहाँ उपचार के दौरान उनका दुःखद निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, श्रीमती आशा वर्मा ने रविवार दोपहर करीब 12 बजे अपने आधिकारिक निवास पर जहरीला पदार्थ खाया था। घटना की सूचना मिलने पर उन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से हालत गंभीर होने के कारण उन्हें रीवा के संजय गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। दुर्भाग्यवश, सोमवार को उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर श्रीमती वर्मा के शासकीय आवास को सील कर दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और सभी संभावित कारणों की पड़ताल की जा रही है। श्रीमती वर्मा का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम नागौद (जिला सतना) में किया गया। इस दुःखद घटना से एक बेटा और एक बेटी ने अपनी माँ को खो दिया है, जिससे परिवार में मातम पसरा हुआ है। वन विभाग के स्थानीय कर्मचारियों ने भी इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मामले की जांच जारी है और पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### ड्रोन निषिद्ध क्षेत्र घोषित

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धार 163 अंतर्गत आगामी 2 माह के लिए डायमण्ड मायनिंग प्रोजेक्ट मझगवां के निर्धारित 6 क्षेत्र को ड्रोन निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया है। आदेश के उल्लंघन पर संबंधित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के तहत अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि हीरा खनन परियोजना मझगवां के द्वारा अवगत कराया गया था कि जिले में यह परियोजना क्षेत्र पन्ना टाईगर रिजर्व के बीच में स्थित है तथा सुरक्षा की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण संस्थान के रूप में चिन्हित है। अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा संबंधी वर्तमान परिदृश्य के दृष्टिगत जारी निर्देशों के अनुक्रम में निर्धारित क्षेत्र को ड्रोन निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया है।




# पवई में खण्डस्तरीय जनसुनवाई एवं जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुईं कलेक्टर

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार मंगलवार को पवई जनपद पंचायत परिसर में आयोजित खण्ड स्तरीय जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर में शामिल हुईं और स्थानीय आवेदकों की समस्याएं सुनकर समस्या का निराकरण किया। मुख्यतः राजस्व प्रकरणों एवं ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के लाभ संबंधी आवेदनों का परीक्षण कर जिला कलेक्टर द्वारा मौके पर आवश्यक कार्रवाई की गई। इस दौरान मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों को भी नियमित रूप से क्षेत्रीयजनों की विभिन्न समस्याओं के प्रभावी निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। स्थानीय स्तर पर समस्याओं के निराकरण पर लोगों ने जिला प्रशासन के इस प्रयास की सराहना भी की और उत्साह के साथ शिविर में शामिल हुए। जिला कलेक्टर द्वारा खण्ड स्तरीय विभाग के अधिकारियों से जनहितैषी कार्यक्रम व विभागीय गतिविधियों के क्रियान्वयन की प्रगति संबंधी जानकारी लेकर सीएम हेल्पलाइन के विभिन्न स्तर पर लंबित प्रकरणों के बारे में पूछा और शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का



लाभ समय पर प्रदान करने के निर्देश दिए। बुजुर्ग और महिला आवेदकों द्वारा भी बारी-बारी से जिला कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्याओं के संबंध में अवगत कराया गया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती परमार ने गंभीरतापूर्वक आवेदकों की समस्याएं सुनीं और विधिवत निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने उपस्थितजनों से संवाद व चर्चा कर भविष्य में भी जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिया। कलेक्टर श्रीमती परमार ने धान उपार्जन केन्द्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया और केन्द्र पर उचित तरीके से ग्रेडिंग कार्य संचालित करने सहित इसके लिए निर्धारित 40 रूपए की राशि प्राप्त करने, व्यवस्थित रूप से सूचना पटल का बोर्ड लगवाने तथा किसानों की सुविधाओं के मद्देनजर अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू एवं अन्य अधिकारियों के साथ कलेही माता परिसर का भ्रमण कर नव वर्ष पर आयोजित होने वाले वृहद स्तरीय मेला के दृष्टिगत समय पूर्व सभी समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, एसडीएम समीक्षा जैन एवं जनपद पंचायत सीईओ अखिलेश उपाध्याय भी उपस्थित रहे।

# पन्ना पुलिस की सतर्कता से टली सुपारी किलिंग की घटना, शूटर सहित 03 आरोपी गिरफ्तार



### आरोपियों के कब्जे से अवैध पिस्टल, 3 जिंदा कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त 2 वाहन जप्त

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा थाना गुनौर क्षेत्र में हत्या की साजिश रच रहे 03 आरोपियों की योजना को समय रहते विफल करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से एक अवैध पिस्टल, 03 जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 02 कार एवं नगद 3450 रूपये जप्त किये गये हैं। दिनांक 15.12.2025 को थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा गुनौर स्थित विद्युत कार्यालय के पास कुछ संदेही व्यक्ति एक बुलेरो वाहन में बैठे हैं, जो कस्बा के एक व्यक्ति की हत्या की साजिश रच रहे हैं तथा उनके पास अवैध हथियार भी मौजूद हैं। थाना प्रभारी गुनौर द्वारा उक्त सूचना से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया, मुखबिर सूचना को पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा गंभीरता से लिया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया। साथ ही पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना को सक्रिय कर संदेहियों के संबंध में जानकारी एकत्रित की गई। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना एवं सायबर सेल से प्राप्त जानकारी के आधार पर विद्युत कार्यालय गुनौर के पास दबिश देकर एक बिना नम्बर की बुलेरो कार में 03 संदेही व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूँछताछ एवं तलाशी ली गई, जिसमें उनके कब्जे से एक देशी पिस्टल (माउजर जैसी), 03 जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 02 कार बरामद किये गये। पूँछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि पुरानी बुराई को लेकर हम लोग कस्बा निवासी भूरा चंदेल की हत्या करने की योजना से एकत्रित हुए थे। आरोपियों के बताये अनुसार यह तथ्य सामने आया कि हत्या के लिये मामले में महिपाल सिंह चन्देल द्वारा 50 हजार रूपये की सुपारी तय की गई थी, जो मुकेश सिंह चंदेल के माध्यम से इद्दी उर्फ इदरीश को 5 हजार रूपये एडवांस दिये जा चुके थे। आरोपियों द्वारा विद्युत कार्यालय के पीछे बैठकर पूरी प्लानिंग की गई थी। पुलिस की त्वरित एवं सतर्क कार्यवाही से यह जघन्य अपराध घटित होने से पूर्व ही विफल हो गया। मामले में पुलिस टीम द्वारा तीनो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है एवं एक अन्य आरोपी फरार है। पुलिस टीम द्वारा चारो आरोपियों के विरूद्ध थाना गुनौर में अप.क्र. 388/25 धारा 49 बी एन एस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी** – 1. इद्दी उर्फ इदरीश उम्र 40 वर्ष, निवासी कटरा मोहल्ला, पन्ना 2. मुकेश सिंह चंदेल पिता सियाराम सिंह चंदेल, उम्र 35 वर्ष, निवासी पटनाकला, थाना गुनौर 3. छोटू उर्फ इतेन्द्र सिंह चंदेल पिता महिपाल सिंह चंदेल, उम्र 22 वर्ष, निवासी पटनाकला, थाना गुनौर।

### फरार आरोपी - महिपाल सिंह चन्देल निवासी पटनाकला, थाना गुनौर

**जप्त सामग्री** – पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से एक देशी पिस्टल (माउजर जैसी) तथा तीन जिंदा कारतूस कीमती करीब 5 हजार रूपये, घटना में प्रयुक्त 02 वाहन (01 बुलेरो कार एवं 01 आई 10 कार) कीमती करीब 13 लाख रूपये एवं आरोपी के कब्जे से हत्या हेतु मिली एडवांस राशि में से 3450 रूपये नगद कुल मशरूका कीमती करीब 13 लाख 08 हजार 450 रूपये जप्त किये गये हैं।

**सराहनीय योगदान** – उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री, प्र.आर. मनीष कश्यप, यादवेन्द्र सिंह, आर. अमन, शिवेन्द्र, नीलेश, मुकेश, आर. चालक बृजेश एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

# स्वदेशी संकल्प यात्रा पन्ना पहुंची कैट, जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया स्वागत



**पन्ना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को आगे बढ़ाते हुए पूरे देश में स्वदेशी संकल्प यात्रा निकाली जा रही है जिसका उद्देश्य देश की वस्तुएं देश में ही विक्रय हो जिसका लाभ देश के लोगों को ही मिले उक्त यात्रा 1 दिसंबर को नागपुर से प्रारंभ हुई छत्तीसगढ़ होते हुए 16 दिसंबर को पन्ना पहुंची जहां पर यात्रा प्रभारी मनीष दोसज तथा उनके सहयोगी साथियों का स्वागत। कान फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर किया गया। कैट पन्ना के जिला अध्यक्ष मनोज केसरवानी के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में नगर के व्यापारी गण उपस्थित रहे तथा क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह भी उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री तथा विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा यह यात्रा गांधी जी की सोच पर निकाली गई है जिसका उद्देश्य प्रत्येक वस्तु स्वदेशी अपनाना चाहिए जिसके माध्यम से स्थानीय लोगों को रोजगार मिले साथ ही उक्त वस्तुएं भी आम लोगों तक आसानी से पहुंच सके तत्पश्चात संकल्प यात्रा को विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाते हुए रवाना किया नगर के प्रमुख मार्गो गांधी चौक कोतवाली चौराहा कटरा बाजार बड़ा बाजार अजयगढ़ चौराहा होते हुए अजयगढ़ की ओर रवाना हुई यात्रा में कैट के जिला अध्यक्ष मनोज केसरवानी बबलू सेन राजेश शर्मा मुन्नू शर्मा हरिराम लखेरा हनुमत जैन प्रवीण गुप्ता सोनाली चौराहा राकेश गुप्ता आशु जैन गोपाल सहित अनेक व्यापारी शामिल है।

# माँ को खून की कमी, बेटे ने पहली बार रक्तदान कर बचाई जान, पन्ना जिला अस्पताल में पेश की मिसाल

**पन्ना। पन्ना जिला अस्पताल में हाल ही में एक हृदयस्पर्शी मामला सामने आया, जिसने माँ-बेटे के रिश्ते और रक्तदान के महत्व को रेखांकित किया। एल्हा नैगुमा तहसील गुनौर निवासी सोम बाई पटेल (42 वर्ष) पत्नी राम बाबू पटेल को खून की अत्यंत कमी के कारण गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।**



मरीज की नाजुक हालत को देखते हुए, उनके पुत्र पीयूष पटेल ने स्थिति की गंभीरता को समझा और तत्काल मदद के लिए समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी, जो पन्ना में वरिष्ठ एलआईसी सलाहकार और पत्रकार के रूप में भी जाने जाते हैं, से संपर्क किया। समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी ने बिना समय गंवाए मानवता का परिचय देते हुए, तुरंत एक यूनिट ब्लड की व्यवस्था कर उसे सोम बाई पटेल के लिए उपलब्ध कराया। इस त्वरित सहायता ने मरीज को फौरी राहत प्रदान की। इतना ही नहीं, गोस्वामी ने पीयूष पटेल को भी इस नेक कार्य के लिए प्रेरित किया। समाजसेवी की प्रेरणा से उत्साहित होकर, पीयूष ने अपनी जन्म देने वाली माँ की जान बचाने के लिए स्वेच्छा से अपना पहला रक्तदान करने का साहसिक निर्णय लिया। जिला अस्पताल पन्ना के ब्लड बैंक में सभी आवश्यक प्रक्रियाओं के बाद, पीयूष पटेल ने पहली बार रक्तदान किया, जिससे उनकी माँ को जीवनदान मिला। अस्पताल स्टाफ और उपस्थित लोगों ने माँ के प्रति बेटे के इस समर्पण और समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी के प्रयासों की जमकर सराहना की। यह घटना जिला अस्पताल पन्ना में एक मिसाल बन गई, जिसने यह साबित किया कि सही समय पर की गई मदद और रक्तदान किसी का जीवन बचा सकता है।

# किसान के नाम पर व्यापारी की धान तुलाई का खुलासा

### तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई कर धान की जप्ती



**अमानगंज।** अमानगंज उपार्जन समिति अंतर्गत रावत वेयरहाउस स्थित खरीदी केंद्र पर किसान के नाम पर व्यापारी की धान तुलाई किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर तहसीलदार अमानगंज मौके पर पहुंचीं और जांच के बाद पंचनामा कार्रवाई करते हुए धान को जप्त कर लिया।प्राथमिक जांच में सामने आया कि व्यापारी द्वारा किसान के नाम का दुरुपयोग कर धान की तुलाई कराई जा रही थी। तहसीलदार द्वारा संबंधित दस्तावेजों की जांच कर अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की गई। मामले को लेकर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजा गया है। प्रशासनिक कार्रवाई से खरीदी केंद्रों पर हो रही अनियमितताओं पर सवाल खड़े हो गए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# किसान की समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय में सौंपा ज्ञापन



### भारतीय किसान संघ ने खाद–बिजली सहित अन्य मुद्दों पर जताई नाराजगी

**गुनौर।** भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत के नेतृत्व में पन्ना जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री की मौजूदगी में किसानों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। किसानों ने खाद, बिजली सहित अन्य मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर पन्ना के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन गुनौर तहसील कार्यालय में एसडीएम गुनौर को सौंपा गया। किसानों ने बताया कि समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने, बिजली आपूर्ति में अनियमितता और कृषि कार्यों में आ रही परेशानियों से किसान गंभीर संकट में हैं।

भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की कि किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए, अन्यथा आंदोलन को मजबूर होंगे। एसडीएम गुनौर ने किसानों को आश्वासन दिया कि ज्ञापन में उठाए गए बिंदुओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# रावत वेयर हाउस में लगा धान का अंबार

### धान तुलाई न होने से भड़के किसान मुख्यमंत्री मोहन यादव मुरादाबाद के लगे नारे

**अमानगंज।** धान तुलाई नहीं होने से आक्रोशित किसानों ने पवई–अमानगंज मुख्य सड़क मार्ग पर रावत वेयरहाउस के सामने मंगलवार को दोपहर 12:00 प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम कर दिया। किसानों के सड़क पर बैठ जाने से मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। मौके पर पहुंचे कांग्रेस पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं ने भी किसानो की समस्याओं को लेकर अपनी आवाज बुलंद की और कहा किसानों की जायज मांग को सरकार को पूरा करना नैतिक जिम्मेदारी है कांग्रेस नेता सौरभ दुबे एवं भबूत सिंह ने कहा की सरकार किसान हितेषी बनने का ढोंग करती है



मामले कीसूचना मिलने पर थाना प्रभारी रवि सिंह जादौन मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर स्थिति संभाली। वहीं तहसीलदार अमानगंज ममता मिश्रा भी मौका स्थल पर उपस्थित रहीं और किसानों की समस्याओं को सुना। प्रशासनिक अधिकारियों के समझाइश एवं हस्तक्षेप के बाद धान की तुलाई प्रक्रिया प्रारंभ कराई गई, जिसके बाद किसानों ने प्रदर्शन समाप्त किया। किसानों का आरोप है कि उनकी उपज को अमानक बताकर गोदाम के भीतर नहीं लिया जा रहा था, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। प्रशासन ने किसानों को आश्वस्त किया कि नियमानुसार तुलाई कराई जाएगी और किसी भी किसान के साथ अन्याय नहीं होगा। प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद क्षेत्र में स्थिति सामान्य हो गई। दरअसल यह पूरा विवाद गोदाम में उपज अंदर ना ले जाने को लेकर हुआ था खरीदी प्रभारी का कहना है कि आमनगंज समिति की खरीदी की जा रही थी शुक्रवार को अमानगंज तहसीलदार द्वारा मौके पर पहुंचकर अमानक धान जो फर्जी किस बंद कर व्यापारी की थी बताया जा रहा है कि रावत वेयरहाउस के मालिक की धान थी उसको रिजेक्ट कर पंचनामा कार्यवाही की गई थी जिसके बाद से अन्य धान को भी नियम कानून बताकर वेयरहाउस मलिक द्वारा धान को अंदर नहीं किया जा रहा था जिससे खरीदी बंद कर दी गई थी गुस्साए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को भी नहीं बख्सा उन्होंने मुख्यमंत्री मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए साथी उन्होंने मुख्यमंत्री पर तंज करते हुए कहा कि रेलिया में लाखो रुपए पानी की तरह बाहऐ जा रहे हैं मगर किसने की चिंता किसी को नहीं है

**खबर संक्षेप**

## अवैध उत्खनन परिवहन पर जिला प्रशासन का शिकंजा

छतरपुर। कलेक्टर छतरपुर पार्थ जैसवाल ने 15 अनावेदक के खिलाफ अवैध रूप से उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने पर खनिज विभाग में दर्ज प्रकरणों में प्रतिवेदन के आधार पर 15 दिसंबर 2025 को कुल 10 लाख 40 हजार 908 रुपए राशि की पेनाल्टी अधिरोपित की है। अवैध रेत में अनावेदक अंतिम सिंह पर 29688 रुपए, राजपाल यादव पर 28750 रुपए, कालीचरण नागर पर 30000 रुपए, सुम्मेर सिंह पर 30625 रुपए, विजय सिंह पर 32500 रुपए, प्रदीप विश्वकर्मा पर 30625 रुपए, अंकित यादव पर 29688 रुपए, राजेश कुमार पटेल पर 28750 रुपए, महेश साहू पर 15000 रुपए, देवेंद्र अवस्थी पर 28750 रुपए और अवैध गिट्टी में बालचंद्र पटेल पर 32832 रुपए, हीरालाल पाल पर 236000 रुपए, धीरेन्द्र पटेल पर 232400 रुपए एवं नीरज पटेल पर 26500 रुपए का अवैध मुरूम का परिवहन करने पर अर्थदंड अधिरोपित किया है। साथ ही राशि जमा कराने के आदेश दिए गए। जिला खनिज अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया कि खनिज उत्खनन, परिवहन व भंडारण परिवहन करते हुए पाए जाने पर सहा. खनि अधिकारी द्वारा सभी अनावेदक के वाहन ट्रेक्टर द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण परिवहन करते पाए जाने पर वाहन जब्त कर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, तथा भण्डारण का निवारण) नियम के प्रावधानों के अंतर्गत निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था। उक्त सम्बंधित पर प्रकरण दर्ज कर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। जिसके जवाब अनावेदक वाहन चालकों ने उपस्थित होकर दिए और बगैर ईटीपी खनिज उत्खनन, परिवहन व भंडारण के अपराध को स्वीकार किया। उपरोक्त प्रकरणों में कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा सम्बन्धित के विरुद्ध पेनाल्टी राशि अधिरोपित कर अनावेदक वाहन चालकों द्वारा अर्थशास्ति व प्रशमन की राशि का भुगतान कर देने के उपरांत प्रकरण का प्रशमन कर वाहन मुक्त करने का खनिज विभाग को निर्देश दिया है।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में 176 आवेदनों पर हुई सुनवाई

छतरपुर। जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एडीएम मिलिंद नागदेवे, एसडीएम अखिल राठौर और विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे और व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुड़े रहे। जनसुनवाई में प्राप्त 176 शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये निराकरण करने के लिए निर्देशित किया एवं समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए।

### वितरित किए गए 15 सौ फॉर्म, जमा हुए 13 सौ, शेष के लिए 4 दिन का मौका

# बागेश्वर धाम में कन्या विवाह पंजीयन का समय पूरा


**छतरपुर। सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम में आयोजित होने वाले सप्तम कन्या विवाह महा महोत्सव के लिए पंजीयन का समय पूरा हो गया। इस बार 1500 से अधिक फॉर्म बांटे गए जिसमें से 1300 फॉर्म जमा हो चुके हैं शेष 200 फार्मो के लिए चार दिन का मौका दिया गया है। 20 दिसंबर तक सभी फॉर्म आवश्यक रूप से जमा कराने होंगे। 20 दिसंबर के बाद सभी फार्मो का बारीकी से परीक्षण होगा इसके बाद भौतिक सत्यापन किया जाएगा।**



पंजीयन के संबंध में गोलू राजा बुंदेला ले बताया कि पूज्य महाराज श्री के निर्देशन में आगामी15 फरवरी 26 को बागेश्वर धाम में सप्तम कन्या विवाह महोत्सव का आयोजन होना है। इस बार 300 कन्याओं के विवाह के लिए निर्धारित पंजीयन तिथि तक 1505 फॉर्म वितरित किए गए हैं जिसमें से 1300 फॉर्म वर - वधु के दस्तावेजों सहित जमा किए जा चुके हैं। शेष फॉर्म के जमा करने के लिए चार दिन का अवसर दिया गया है। श्री बुंदेला ने बताया कि इस बार देश के 13 राज्यों से बेटियों के आवेदन आए हैं। जिन राज्यों से आवेदन मिले हैं उनमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, झारखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र प्रमुख रूप से शामिल है। महत्वपूर्ण यह है कि इस बार नेपाल से भी कन्या विवाह हेतु पंजीयन कराया गया है। सभी पंजीकृत फार्मो के जमा होने के बाद इनका परीक्षण होगा और परीक्षण के बाद भौतिक सत्यापन के लिए गठित टीमें बेटियों के घर-घर जाएंगी। उल्लेखनीय है कि सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम में होने वाले कन्या विवाह के माध्यम से लाखों रुपए की गृहस्थी का सामान बेटियों को दिया जाता है। इसके साथ ही बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए जाते हैं। बागेश्वर धाम का कन्या विवाह देश भर में चर्चित हो गया है।

### कन्या विवाह को समर्पित है धाम की दान पेटी

बागेश्वर धाम की दान पेटी में जो भी राशि आती है वह कन्या विवाह के लिए समर्पित की जाती है। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री का कहना है कि यदि देश भर के मंदिरों की दान पेटियों से गरीब बेटियों के विवाह होंगे तो कोई भी पिता बेटी को बोझ नहीं समझेगा और उत्साह के साथ बेटी का घर बसाएया।



## 50 वर्षों के फिल्मी सफर में 550 से अधिक फिल्मों में किया काम : अनुपम खेर

खजुराहो। 11वें खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में शामिल होने पहुंचे सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अनुपम खेर ने आयोजित प्रेस वार्ता में अपने सिने करियर को लेकर खुलकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि अपने लगभग 50 वर्षों के फिल्मी सफर में उन्होंने साढ़े 500 से अधिक फिल्मों में काम किया है। अनुपम खेर ने बताया कि इतने लंबे और समृद्ध सफर के बाद उन्होंने अपने अनुभवों और जीवन यात्रा से प्रेरित होकर अपने ऊपर आधारित फिल्म "तन्वी द ग्रेट" का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म उनके संघर्ष, अनुभव और सिनेमा के प्रति समर्पण को दर्शाती है। उन्होंने खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नए कलाकारों को मंच देने के साथ-साथ भारतीय और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा के बीच संवाद को मजबूत करते हैं। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने युवाओं को निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश भी दिया।

## खाद की किल्लत से नाराज़ किसानों का सटई रोड पर चक्का जाम

छतरपुर। जिले में खाद की भारी किल्लत से परेशान किसानों का आक्रोश मंगलवार को सड़कों पर देखने को मिला। समय पर खाद नहीं मिलने से नाराज़ किसानों ने सटई रोड पर चक्का जाम कर दिया, जिससे करीब 30 मिनट तक आवागमन पूरी तरह ठप रहा। अचानक लगे जाम के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।जाम की सूचना मिलते ही एसडीएम एवं सिविल लाइन थाना प्रभारी टीआई सतीश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों ने बताया कि रबी सीजन में खाद की समय पर आपूर्ति नहीं होने से बुवाई प्रभावित हो रही है, जिससे फसलों को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है।

# मोराहा गांव के ग्रामीणों ने किया नेशनल हाइवे पुल का विरोध



### ग्रामीणों ने कलेक्टर से की बड़े पुल के निर्माण की मांग

छतरपुर। जिले की ग्राम पंचायत मौराहा में निर्माणाधीन सागर कानपुर नेशनल फोरलेन पर प्रस्तावित छोटे पुल को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामवासियों ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर छोटे पुल की जगह बड़े पुल का निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर फोरलेन अधिकारियों द्वारा 10&10 फीट की पुलिया बनाए जाने की योजना है, वही गांव का मुख्य और सबसे व्यस्त आवागमन मार्ग है।

ग्रामीणों के अनुसार इसी रास्ते से रोजाना सैकड़ों ग्रामीणों की आवाजाही होती है। यही मार्ग गांव की गौशाला और आसपास के खेतों को जोड़ता है, जहां ट्रैक्टर, ट्रॉली, हार्वेस्टर और चारे से लदे भारी वाहनों का नियमित आवागमन बना रहता है। ऐसे में यदि यहां छोटा पुल बनाया गया तो भारी वाहन निकलना मुश्किल होंगे और आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाएगा।

किसान रामसेवक पटेल ने बताया कि प्रस्तावित 10&10 की पुलिया जिसकी ऊंचाई 10 फिट है। गांव से साढ़े 5 हजार लोग खेती-किसानी के लिए आवागमन करते है। खेती के लिए ट्रैक्टर, हार्वेस्टर जैसे बड़े कृषि यंत्र नहीं निकल सकेंगे, जिससे किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि इसी मार्ग से करीब 70 प्रतिशत किसानों की रोजी-रोटी जुड़ी हुई है। पुल छोटा होने की स्थिति में किसानों को वैकल्पिक लंबे रास्तों का सहारा लेना पड़ेगा, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ेंगे।

ग्रामीणों ने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि बरसात के मौसम में इस क्षेत्र में जलभराव की समस्या रहती है। छोटा पुल बनने से पानी की निकासी बाधित होगी, जिससे सड़क पर जाम, फिसलन और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ सकती है। ग्रामवासियों का कहना है कि जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यहां बड़े पुल का निर्माण बेहद जरूरी है। सरपंच सहित अनेक ग्रामीणों ने आवेदन प्रशासन को सौंपा गया है।

## कलेक्टर के निर्देश पर सिविल लाइन थाना में दर्ज हुई थी एफआईआर

छतरपुर। विगत दिनों कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में अवैध खाद परिवहन पर चार लोगों के खिलाफ थाना लाइन छतरपुर में एफआईआर दर्ज की गई है। साथ ही एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 16 जेडके 3125 और डी.ए.पी. आईपीएल कम्पनी के उर्वरक के 65 बोरी को जब्त किया गया था।। उपसंचालक कृषि डॉ आर.के. सिंह ने बताया कि विगत दिनों शिवनगर कॉलोनी देरी रोड पर खाद का अवैध परिवहन करते हुए पिकअप वाहन में 65 बोरी डीएपी खाद लदी हुई जब्त की गई थी। जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 87 हजार से अधिक आंकी गई थी।

# सीमांकन न होने पर पीड़ित ने कलेक्टर से की शिकायत

**छतरपुर। मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान बिजावर तहसील अंतर्गत ग्राम पिपट से जुड़ा भूमि सीमांकन का एक गंभीर मामला सामने आया। पीड़ित किसान मुन्नालाल चौरसिया ने पुलिस थाना भवन के सीमांकन में जानबूझकर बाधा डालने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर छतरपुर को लिखित शिकायत सौंपी और न्याय की मांग की।**




पीड़ित मुन्नालाल चौरसिया निवासी ग्राम पिपट ने बताया कि उनकी पैतृक कृषि भूमि खसरा नंबर 889, रकबा 1.068 हेक्टेयर है, जो राजस्व रिकॉर्ड में उनके एवं उनके भाइयों के नाम दर्ज है। पूर्व में पुलिस थाना पिपट के निर्माण के लिए खसरा नंबर 888 एवं 889 की भूमि आवंटित की गई थी, लेकिन बिना सही नाप-तौल किए थाना भवन का निर्माण उनकी निजी भूमि खसरा नंबर 889 पर कर दिया गया। इससे उन्हें आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा है। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने कई बार सीमांकन के लिए आवेदन दिए, लेकिन न तो अब तक भूमि का सीमांकन किया गया और न ही थाना भवन के बदले उन्हें कोई अन्य भूमि अथवा मुआवजा प्रदान किया गया। हाल ही में तहसीलदार द्वारा सीमांकन के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन आरोप है कि थाना प्रभारी पिपट द्वारा सीमांकन कार्य में सहयोग नहीं किया जा रहा है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि सीमांकन के लिए मौके पर पहुंचे हल्का पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक (आरआई) को थाना प्रभारी वापस भेज देते हैं और नाप-तौल की प्रक्रिया नहीं होने देते। इस पूरे प्रकरण की शिकायत पीड़ित ने पूर्व में 20 फरवरी 2025 को कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक को भी की थी। पीड़ित किसान ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराते हुए शीघ्र सीमांकन कराने तथा उचित न्याय दिलाने की मांग की है।

## महिला थाना एवं महिला सुरक्षा शाखा द्वारा विद्यालय में किया गया भ्रमण एवं छात्र-छात्राओं से किया संवाद



छतरपुर। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक प्रतिभा श्रीवास्तव एवं महिला सुरक्षा शाखा से उपनिरीक्षक तबस्सुम खान द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1, छतरपुर में भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यालय परिसर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित किया गया एवं उन्हें जीवन में नकारात्मकता से दूर रहकर शिक्षा, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढने हेतु प्रेरित किया गया।अधिकारियों द्वारा छात्राओं को महिला सुरक्षा, प्रावधानों संबंधी जानकारी दी गई तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस सहायता लेने के संबंध में बताया गया। विद्यालय के आसपास या मार्ग में किसी भी प्रकार की समस्या हो संपर्क करें, छतरपुर पुलिस हेल्पलाइन नंबर 7049101021, महिला हेल्पलाइन नंबर इत्यादि साझा किए गए। छात्र-छात्राओं को बताया गया कि वे समस्या की स्थिति में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें तथा समाज में सकारात्मक भूमिका निभाएं।

## महाराजा छत्रसाल महल के पास युवक से आधा दर्जन लोगों ने की मारपीट, वीडियो वायरल



छतरपुर। महेबा मऊसहानिया के पास स्थित महाराजा छत्रसाल महल के समीप कुछ युवकों द्वारा एक राय होकर एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कई लोग एक युवक के साथ मारपीट करते हुए नजर आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार,मारपीट की यह घटना महाराजा छत्रसाल महल के पास हुई, जहां कुछ लड़कों ने मिलकर एक युवक को घेर लिया और उसके साथ मारपीट की। वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि युवक खुद को बचाने की कोशिश करता रहा, जबकि आरोपी युवक उसे बैल्टों से पीटते रहे। घटना के दौरान मौके पर मौजूद कुछ लोग तमाशबीन बने रहे।

# मुख्यमंत्री ने जिले के 119 श्रमिकों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से भेजी 2 करोड़ 70 लाख की अनुग्रह सहायता राशि

सिंगरौली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार हर उस जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है, जो इसके वास्तविक हकदार हैं। हमारी सरकार गरीब, लाचार, श्रमिक, निराश्रित और जरूरतमंद नागरिकों को स्नेह, अपनत्व, स्वावलंबन और आर्थिक सहायता का संबल देती रहेगी। प्रदेश की जनता के सुख-दुख में सरकार हमेशा साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में मुख्यमंत्री जनकल्याण (सम्बल 2.0) योजना के तहत सहायता राशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के 55 जिलों के 7227 सम्बल हितग्राहियों के बैंक खाते में 160 करोड़ रुपए की अनुग्रह सहायता राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगरौली जिले के 119 श्रमिकों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम 2 करोड़ 70 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि भेजी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संबल योजना श्रमिकों के कठिन समय की सच्ची साथी है। सरकार हर परिस्थिति में श्रमिकों के साथ खड़ी है। संबल योजना सिर्फ आर्थिक सहायता का जरिया ही नहीं, यह सरकार और श्रमिकों के बीच आपसी भरोसे का रिश्ता भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समय के साथ श्रम के स्वरूप भी बदले हैं। हमारी सरकार ने गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को असंगठित श्रमिक का दर्जा दिया है। एक मार्च 2024 से इन्हें भी संबल योजना के दायरे में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि अब तक 1400 से अधिक गिग वर्कर्स पंजीकृत किए गए हैं। गरीबों और श्रमिकों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए हमने संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत योजना से भी जोड़ दिया है। इससे उन्हें भी 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज मिल रहा है। साथ ही 25 लाख से अधिक नए ई-श्रमिक परिवारों को राशन पात्रता देकर उन्हें भी निःशुल्क राशन का लाभ दिया गया है। गर्भवती बहनों के लिए भी सरकार बेहद संवेदनशील है।

## एनएससी, जयंत में आगामी गुरुवार से लगेगा निः शुल्क बधिरता निवारण शिविर



एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत (एनएससी) के तत्वाधन में निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत आगामी गुरुवार (18 दिसम्बर) से तीन दिवसीय निःशुल्क बधिरता निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के दौरान नेहरू शताब्दी चिकित्सालय,जयंत की टीम के द्वारा उपस्थित जनों का बधिरता निवारण संबंधी स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इस दौरान आस पास के क्षेत्र के स्थानीय लोग शिविर में आकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। गौरतलब है कि एनएससी, जयंत द्वारा सीएसआर के तहत समय-समय पर स्थानीय समुदाय को उच्च स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु ऐसे अनेक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है।

## एनसीएल की दुधीचुआ परियोजना में पारिवारिक परामर्श सत्र का हुआ आयोजन




एनसीएल की दुधीचुआ परियोजना द्वारा गत सोमवार को पारिवारिक परामर्श एवं पदोन्नति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । इस दौरान कर्मियों एवं उनके परिजनों सहित 200 प्रतिभागियों ने शिविर में हिस्सा लिया।यह शिविर कर्मियों के पारिवारिक, सामाजिक एवं मानसिक सशक्तिकरण के माध्यम से कार्यस्थल पर सुरक्षित, स्वस्थ एवं सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। परामर्श सत्र के दौरान सुरक्षा नियमावली, पारिवारिक संवाद, तनाव प्रबंधन, नशामुक्त जीवन, अनुशासन तथा सकारात्मक सोच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।इस अवसर पर परियोजना सहित 99 पदोन्नत कर्मियों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक, स्टाफ ऑफिसर (एचआर) एवं परियोजना श्रमिक संघ प्रतिनिधि एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संयुक्त कलेक्ट ने की प्राप्त आवेदन पत्र पर जनसुनवाई




### कई आवेदनों का मौके पर ही कराया गया निराकरण

सिंगरौली। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जन सुनवाई में संयुक्त कलेक्टर एवं एसडीएम सिंगरौली सुरेश जाधव ने जन सुनवाई करते हुयें कई आवेदन पत्रो का जन सुनवाई में उपस्थित अधिकारियों से निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका जन सुनवाई के दौरान निराकरण नही किया गया संबंधित विभागीय अधिकारियों की ओर भेजते हुयें आवेदनो का परीक्षण कर समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए गए। जन सुनवाई में ग्राम पंचायत क्षेत्र बिहारा टोला के ग्रामीणो ने अपना आवेदन देते हुये सड़क निर्माण कराये जाने की मांग की। वही ग्राम पंचायत क्षेत्र चिनगी टोला के ग्रामीणो ने सरपंच के द्वारा तेदुपंत्ता लाभांश की राशि से संतोष बैस के घर से परमसुख बैगा के घर तक पीसी मार्ग निर्माण , देवधारी बैगा के घर के समीप वन भूमि पर हैन्डपम्प उत्खनन तथा लेदहरी पहाड़ में स्थित शिव मंदिर के समीप हैन्ड पम्प का उत्खनन एवं जगधारी बैगा के घर के समीप हैन्डपम्प उत्खनन करने हेतु आवेदन दिया गया। जन सुनवाई मे ग्राम कुम्हिया से आये आवेदको ने ग्राम में विद्युत ट्रान्सफार्मर बदलने हेतु अपना आवेदन दिया। प्रमिला शाह निवासी तियारा में लाडली बहना योजना में नाम जोड़ने हेतु अपना आवेदन दिया। ग्राम कुकराव निवासी आवेदक काशी राम बैस ने अतिथि शिक्षक भर्ती की जॉच कराये जाने हेतु आवेदन दिया। जनसुनवाई में पहुचे ग्राम गीर निवासी आवेदक रामजी सिंह ने खेत तालाब का सरपंच,सचिव तथा रोजगार सहायक द्वारा फर्जी भुगतान का जॉच कराये जाने हेतु आवेदन दिया। राम उजाले कुशवाहा निवासी ग्राम चिनगी टोला ने निर्मित प्रधानमंत्री सड़क के किनारे से पानी निकासी हेतु नाली निर्माण कराये जाने हेतु आवेदन दिया। रमेश कुमार शाह निवासी ग्राम कर्सुआ लाल ने भूमि का पट्टा दिलाये जाने के संबंध में अपना आवेदन दिया। गुलबिया पति हरिनाथ धोबी निवासी ग्राम नगवा ने प्लाट एवं भत्ता दिलाये जाने हेतु अपना आवेदन दिया। ग्राम कछरा निवासी बच्चू साकेत ने संबल योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन दिया। तथा सीता कुमारी पनिका ग्राम घिनहा गाव ने पति की मृत्यु पश्चात संबल योजना अंतर्गत सहायता राशि दिलाये जाने हेतु अपना आवेदन दिया। जन सुनवाई में पहुची छात्रा तारा साकेत निवासी ग्राम कोरसर कोठार ने पठन पाठन हेतु आर्थिक सहायता उपलंब्ध कराने हेतु अपना आवेदन दिया। जिस पर जन सुनवाई कर रहे कलेक्टर के द्वारा आवेदनो को संबंधित अधिकारियों को आवेदन का परीक्षण कर निराकरण करने हेतु निर्देश दिया गया। जन सुनवाई के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुश्पराज सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह, डीपीसी आरएल शुक्ला, जिला आपूर्ति अधिकारी पी.सी चन्द्रवंशी, आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप, नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 70 वर्ष से अधिक आयु के बजुर्गों का अभियान चलाकर बनायें आयुष्मान कार्डः कलेक्टर

### भू अर्जन लिपिक को कारण बताओ नोटिस, समय पर उपार्जित धान का परिवहन नहीं करने पर लगाये जुर्माना

**सिंगरौली । कलेक्टर गौरव बैनल ने विगत दिवस आयोजित टीएल बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुयें जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो के बनाये गये आयुष्मान कार्ड के संबंध में जानकारी ली।**



निर्धारित लक्ष्य के अनुसार आयुष्मान कार्ड नही बनाये जाने पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि अभियान चलाकर बुजुर्गो का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित करे साथ प्रति दिन बनाये गये आयुष्मान कार्ड की जानकारी से भी अवगत करायें। कलेक्टर ने भू अर्जन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर के संज्ञान में यह जानकारी आई कि समय पर भू अर्जन से संबंधित नस्ती प्रस्तुत नही करने के कारण भू अर्जन के कुछ कार्यो में विलंब हो रहा है जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुये भू अर्जन लिपिक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही धान उपार्जन केन्द्रो से उपार्जित धान का किए जा रहे परिवहन की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए कि 72 घण्टे के भीतर उपर्जित धान का परिवहन किया जाना है। किंतु कुछ केन्द्रो पर अभी उपर्जित धान का स्टाक रखा हुआ समय पर उनका परिवहन नही किया जा रहा है यह अत्यन्त ही खेद जनक है। कलेक्टर उपायुक्त सहकारिता को निर्देश दिए कि संबंधितो के विरूद्ध जुर्माना लगाने की कार्यवाही करे साथ ही यह सुनिश्चित करे धान का परिवहन निर्धारित समयानुसार किया जायें।

## खबर संक्षेप

### घने कोहरे और अधूरे बायपास ने बढ़ाया खतरा, कार और ऑटो की हुई टक्कर




**रीवा।** गढ़ थाना क्षेत्र के एनएच 30 पर हादसो का खतरा हर समय बना रहता है, सोमवार को फिर सड़क हादसा हो गया गनीमत रही कि इस बार जनहानि टल गई। सुबह लगभग 8 बजे घने कोहरे के बीच रीवा-प्रयागराज मार्ग पर एक कार और ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। कार रीवा की ओर से प्रयागराज जा रही थी। इसी दौरान डिवाइडर पर बने कट से सामने की ओर से अचानक आटा आ गई और टक्कर हो गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि टेम्पो चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। बताया गया कि डिवाइडर बने कट दुर्घटना का कारण बन रहे है।

### पिता का उपचार कराने आए युवक की बाइक चोरी

**रीवा।** गुढ़ थाना क्षेत्र से पिता का उपचार कराने रीवा आए युवक की अस्पताल के सामने से बाइक चोरी हो गई। घटना की शिकायत पीड़ित युवक ने समान थाना पुलिस से की है। पीड़ित युवक शिवम गुप्ता निवासी गुढ़ ने बताया कि वह सोमवार को अपने पिता को सेगर हास्पिटल लेकर बाइक से आया था। बताया गया कि हीरो एचएफ डीलक्स बाइक क्रमांक एमपी 17 एमटी 4225 को अस्पताल के बाहर खड़ा कर अंदर था, जब बाहर निकला तो बाइक गायब थी, आसपास के लोगों से पूछा तो कोई जानकारी नहीं मिली जिसके बाद उसके द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। पीड़ित युवक ने पुलिस से बाइक का पता लगाकर कार्रवाई की मांग की है।

### दुग्ध सम्पर्क समृद्धि अभियान का कंट्रोल रूम शुरू

**रीवा ।** जिले भर में पशुपालन विभाग द्वारा समृद्धि सम्पर्क अभियान का दूसरा चरण 17 दिसम्बर से शुरू किया जा रहा है। अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए उप संचालक पशुपालन कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। इस संबंध में उप संचालक डॉ डीपी सिंह ने बताया कि कंट्रोल रूम में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मनु दीक्षित, डॉ शिरीन दुबे, एबीएफओ विनय वर्मा तथा एबीएफओ वैशाली मिश्रा को तैनात किया गया है। तैनात अधिकारी और कर्मचारी अभियान की लगातार मॉनीटरिंग करेंगे। अभियान के दौरान मैदानी कर्मचारियों और सुपरवाइजर को आने वाली कठिनाईयों का तत्परता से निराकरण करेंगे। साथ ही अभियान की दैनिक रिपोर्ट राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी को भेजेंगे।

### स्थानीय निर्वाचन के लिये प्रेक्षक नियुक्त

**रीवा ।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा रीवा जिले में संपन्न होने वाले उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) स्थानीय निर्वाचन के संचालन के लिये श्री कृष्ण मोहन गौतम सेवानिवृत्त (मा.प्र.से.) को प्रेक्षक नियुक्त किया है।

### बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर हुई मौत, चालक फरार

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कटनी-बरही मार्ग पर स्थित घोघरी मोड़ के समीप हादसा सोमवार की दोपहर एक तेज रफ्तार यात्री बस ने मोटरसाइकिल सवार युवक को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान 24 वर्षीय अरविंद सिंह पिता नाथू सिंह, निवासी ग्राम हथेडा थाना बरही के रूप में हुई है। अरविंद सिंह दोपहर में अपने गांव हथेडा से मोटरसाइकिल पर सवार होकर कटनी शहर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह घोघरी मोड़ के पास पहुंचा, सामने से आ रही यात्री बस ने तेज रफ्तार में टक्कर मारते हुए कुचल दिया। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही बड़वारा थाना पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल भेजा गया। थाना प्रभारी के. के. पटेल ने बताया कि मर्ग कायम कर लिया गया है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

---

### महिलाओं और शिशुओं के पोषण स्तर में सुधार के प्रयासों में सहभागी बनें

# अधिकारी भ्रमण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र और स्कूलों का निरीक्षण करें - कमिश्नर

**रीवा ।**



कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों तथा टीएल पत्रों के निराकरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि ई आफिस में सभी संभागीय अधिकारियों के प्रयासों से संभागों की रैंकिंग में रीवा संभाग प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। जिला तथा संभाग की सम्मिलित रैंकिंग में रीवा संभाग टॉप-10 में स्थान बनाने में सफल हुआ है। इसके लिए सभी अधिकारियों को बधाई। सभी फाइलों और पत्रों को ई आफिस से ही भेजें। सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। राजस्व, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, पीएचई, ऊर्जा, जनजातीय कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय निकाय में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इनका निराकरण सुनिश्चित करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का भी तत्परता से निराकरण करें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र, स्कूल तथा उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण करके वहाँ की व्यवस्थाओं के संबंध में सामान्य जानकारी प्राप्त करें। अपने भ्रमण प्रतिवेदन में इसका उल्लेख करें। संभाग में महिलाओं और शिशुओं के पोषण के संबंध में संचार माध्यमों से चिंताजनक सूचनाएं मिलती रहती हैं। महिलाओं और शिशुओं के पोषण स्तर में सुधार करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों में सभी अधिकारी सहभागी बनें। संभाग के बड़े औद्योगिक संस्थानों का भी इस कार्य मां सहयोग लिया जाएगा। संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं तथा अति कुपोषित बच्चों की विकासखण्डवार एवं ग्रामवार सूची उपलब्ध कराएं। अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण के दौरान हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं तथा अति कुपोषित बच्चों के परिवारों से संपर्क करके उन्हें स्वेच्छानुसार कुछ पोषण सामग्री भेंट करें तथा स्वास्थ्य रक्षा के संबंध में जागरूक करें। कमिश्नर ने कहा कि स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संभागीय अधिकारी जिला और विकासखण्ड स्तर तक संयुक्त बैठक आयोजित करके संभाग के स्वास्थ्य सूचकांकों और कुपोषण पर नियंत्रण के प्रयासों की मॉनीटरिंग करें। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के मैहर और मऊगंज जिलों में अधिकारियों का कम से कम दो दिन भ्रमण सुनिश्चित करें। जिला अधिकारी भ्रमण के समय कलेक्टर से अवश्य संपर्क करें। दिसम्बर माह तक सेवानिवृत्त होने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण सात दिवस की समय सीमा में पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत कर दें। प्रकरण लंबित रहने पर संबंधित विभाग के जिलाधिकारी अगली बैठक में उपस्थित होकर वस्तुस्थिति से अवगत कराएं। बैठक में कमिश्नरर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं पर कार्यवाही, धान उपार्जन, उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण तथा पेयजल व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी,

---

## रीवा का लापता युवक पहुंचा पाकिस्तान सीमा लोकसभा स्पीकर की पहल से हुई सकुशल वापसी



**रीवा।** मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक लंबे समय से लापता था, जो भटकते हुए भारत-पाकिस्तान सीमा तक पहुंच गया था। बताया गया कि भाजपा नेता गौरव तिवारी की त्वरित पहल पर युवक को सकुशल वापस लाया गया है। मामला रीवा जिले के कनौजा गांव का है। बताया जा रहा है कि 25 वर्षीय युवक अजय यादव मानसिक रूप से विक्षिप्त था जो भटकते-भटकते राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले की खेसारी सिंहपुर स्थित पाकिस्तान सीमा तक पहुंच गया। जब युवक के सीमावर्ती इलाके में होने की जानकारी पंचायत के सरपंच ने भाजपा नेता गौरव तिवारी को दी, तो उन्होंने तुरंत मामले की गंभीरता को समझा। सीमावर्ती इलाका होने के कारण उन्होंने सीधे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से इस विषय पर बातचीत की। लोकसभा स्पीकर की मदद से तत्काल एक्शन लिया गया और संबंधित पुलिस प्रशासन को सूचित किया गया। सभी कानूनी और मानवीय प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद, युवक को श्रीगंगानगर पुलिस ने परिवारजनों को सुरक्षित सौंप दिया। अजय यादव अब सकुशल रीवा वापस आ चुका है, जिससे उसके परिवार ने राहत की सांस ली है।

## महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल आज आयेंगे रीवा

### विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल

**रीवा**



राज्यपाल मंगूभाई पटेल 17 दिसंबर को रीवा आयेंगे। राज्यपाल पटेल 17 दिसंबर को सुबह 10.45 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा प्रस्थान कर सुबह 11.30 बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेगे। इसके बाद राज्यपाल एयरपोर्ट से प्रस्थान कर सुबह 11.50 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय पहुंचेगे तथा रिसर्च, इनोवेशन और इनक्यूवेशन सेंटर का उद्घाटन करेंगे। तद्उपरांत वह दोपहर 12 बजे विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह शामिल होंगे। राज्यपाल दीक्षांत समारोह में शामिल होने के बाद दोपहर 1.30 बजे सर्किट हाउस आयेंगे और दोपहर 3 बजे एयरपोर्ट रीवा से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

---

## मऊगंज कलेक्टर ने सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाने पर लगाई रोक

### भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी

**मऊगंज**



जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में आक्रोश एवं तनाव को रोकने के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट संजय कुमार जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। कलेक्टर ने सोशल मीडिया यूट्यूब, फेसबुक, वाट्सएप, ट्विटर आदि पर भ्रामक और अपुष्ट सूचनाएं, पोस्ट, वीडियो या रील्स को अपलोड या फॉरवर्ड अथवा वायरल करने पर तत्काल रोक लगा दी है। यह कदम अपुष्ट खबरों के प्रसारण से उत्पन्न होने वाले संभावित आक्रोश और कानून-व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए उठाया गया है। कोई भी व्यक्ति या संस्थाएं भ्रामक एवं अपुष्ट सूचनाएं सोशल मीडिया पर अपलोड या फॉरवर्ड अथवा वायरल नहीं करेंगे। समस्त व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन को निर्देश है कि वे तथ्यहीन, अफवाह फैलाने वाले, या तनाव निर्मित करने वाले मैसेज प्रसारित न होने दें। नागरिकों को किसी भी अनजान लिंक को क्लिक न करने और अनजान एप्लीकेशन को डाउनलोड न करने का निर्देश दिया गया है। सक्षम प्राधिकारी से विधिवत अनुमति लिए बिना कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने जारी आदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए होटल, लॉज, सिम कार्ड विक्रेताओं, कियोस्क संचालकों और मकान मालिकों के लिए भी निर्देश जारी किए हैं। होटल या लॉज संचालक रुकने वाले समस्त लोगों की सम्पूर्ण जानकारी निर्धारित प्रारूप में संकलित करें और उनके वैध दस्तावेजों की जांच करें। सिम कार्ड विक्रय के दौरान वैध दस्तावेजों का सावधानी से निरीक्षण/जांच करें और संपूर्ण वैधानिक प्रक्रिया का पालन करें। ऑनलाइन भुगतान या रुपये हस्तांतरण के लिए आने वाले समस्त व्यक्तियों की जानकारी निर्धारित फॉर्मेट में एक रजिस्टर में संधारित करें। किरायेदारों की जानकारी निर्धारित फॉर्मेट में तत्काल निकटस्थ थाने पर उपलब्ध कराएँ और बिना वैध दस्तावेजों के किसी भी व्यक्ति को मकान, फ्लैट, दुकान किराए पर नहीं दें। प्रतिष्ठान संचालक व्यापारी अपने यहाँ कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी समस्त वैध दस्तावेजों के साथ तत्काल निकटस्थ पुलिस थाना पर प्रदान करें। कलेक्टर ने कहा है कि आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 एवं आयुध अधिनियम 1959 के तहत दण्डनीय कार्यवाही होगी। यदि जांच के दौरान कोई भी व्यक्ति ऐसी पोस्ट अपलोड या फारवर्ड करने में संलिप्त पाया जाता है तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के तहत कार्यवाही की जा सकेगी। चूंकि यह आदेश जिले के प्रत्येक नागरिक को व्यक्तिशः तामील कराना संभव नहीं है। अतः सर्वसाधारण को सार्वजनिक माध्यमों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, समाचार पत्रों के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक और मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को विभागीय संसाधनों से आदेश का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा है।

## जनसुनवाई में 75 आवेदकों ने दिये आवेदन



**रीवा ।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 75 आवेदकों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किये। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित संयुक्त कलेक्टर राजेश कुमार सिन्हा एवं जीपी अग्रवाल ने जनसुनवाई करते हुए आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। मोहन सभागार में जनसुनवाई में पुरूषोत्तम प्रसाद गोड़ निवासी बेलहा ने फर्जी वासीयतनामा के आधार पर राजस्व अभिलेखों में हितग्राहियों के दर्ज नाम के संबंध में कार्यवाही करने, हाजी मोहम्मद अमहिया ने अवैध कब्जे को हटाने तथा सुनील कुमार साहू चेलवा टोला ने बिजली बिल के संबंध में आवेदन किया जिसे संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के लिए प्रेषित किया गया। इसी प्रकार इटौरा के नागरिकों ने उप स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण को अन्यत्र कराये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया जिसे कार्यवाही के लिए प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में शिक्षा, ग्रामीण विकास एवं राजस्व विभाग से संबंधित आवेदनों की सुनवाई करते हुए अपर कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

---

## रीवा संभाग ई आफिस में प्रदेश में प्रथम स्थान कायम



**रीवा ।**

प्रशासनिक नवाचार के तहत ई आफिस व्यवस्था लागू की गई है। अब कार्यालयों के अंदर तथा अन्य कार्यालयों में फाइलों का संचालन ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है। ई आफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करके रीवा संभाग में संभागीय रैंकिंग में प्रदेश में लगातार एक माह से प्रथम स्थान पर कायम है। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रीवा संभाग में कुल 9823 फाइलें ई आफिस में क्रिएट की गईं तथा 41268 फाइलों का मूवमेंट हुआ। प्रदेश में दूसरे स्थान पर नर्मदापुरम संभाग है, जिसमें 4642 फाइलों का क्रिएशन तथा 33599 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। तीसरे स्थान पर ग्वालियर संभाग है। इसमें 2026 फाइलों का क्रिएशन तथा 19440 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। कमिश्नर ने बताया कि प्रदेश स्तर में संभाग और जिलों की सामूहिक रैंकिंग में सभी जिले और संभाग शामिल किए गए हैं। इनकी कुल संख्या 65 है। सामूहिक रैंकिंग में रीवा संभाग को 10वां स्थान मिला है। इस रैंकिंग में रीवा जिला 25वें स्थान पर है। रीवा जिले में 4503 फाइलें क्रिएट हुई हैं तथा 25483 फाइलों का मूवमेंट हुआ है। रैंकिंग में सिंगरौली जिला 37वें, मऊगंज जिला 45वें, सतना जिला 46वें, सीधी जिला 56वें तथा मैहर जिला 59वें स्थान पर है। कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को ई आफिस प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने तथा सभी जिला कार्यालयों में इसे दृढ़ता से लागू कराने के निर्देश दिए हैं। ई आफिस के माध्यम से कम श्रम और कम समय में फाइलों का मूवमेंट और निराकरण हो रहा है। यह सुशासन को मजबूत करने के लिए सराहनीय पहल है।

---

**54 वर्षीय महिला का सफल हार्ट ट्रांसप्लांट कर उन्हें दिया नया जीवन**

## एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल दिल्ली में 54 वर्षीय महिला को हार्ट ट्रांसप्लांट से मिला नया जीवन

**रीवा।**

एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, द्वारका (दिल्ली) के डॉक्टरों ने हरियाणा की 54 वर्षीय महिला का सफल हार्ट ट्रांसप्लांट कर उन्हें नया जीवन प्रदान किया है। महिला लंबे समय से गंभीर हृदय रोग से पीड़ित थीं और उनका हृदय लगभग काम करना बंद कर चुका था। आधुनिक उपचार और दवाओं के बावजूद उनकी स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही थी।

मरीज का इजेक्शन फ्रैक्शन मात्र 15 प्रतिशत रह गया था और वे पिछले कई दिनों से इंट्रा-एओर्टिक बैलून पंप सपोर्ट पर थीं। अंततः ब्रेन डेड डोनर से प्राप्त स्वस्थ हृदय के माध्यम से उन्हें जीवनदान मिला। गुड़गांव के एक निजी अस्पताल से डोनर हार्ट को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर सुरक्षित रूप से द्वारका लाया गया। लगभग 3 घंटे 20 मिनट तक चली सर्जरी सफल रही और नया हृदय प्रत्यारोपण के तुरंत बाद कार्य करने लगा। मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियेक साइंसेज़ के चेयरमैन एवं चीफ कार्डियोवैस्कुलर सर्जन डॉ. युगल किशोर मिश्रा ने बताया कि हार्ट ट्रांसप्लांट मरीज और उनके परिवार के लिए नई उम्मीद लेकर आता है। महिला की रिकवरी तेजी से हुई और 15 दिनों में उनकी स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखा गया।

एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल के हॉस्पिटल डायरेक्टर विज़ी वर्गीज़ ने इसे संस्थान की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह सफलता बेहतरीन टीमवर्क, सटीक सर्जरी और अत्याधुनिक कार्डियेक केयर का परिणाम है। इस उपलब्धि से एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, दिल्ली एक अग्रणी हार्ट ट्रांसप्लांट केंद्र के रूप में और मजबूत हुआ है।

## सड़क निर्माण में लगे कर्मचारियों से दबंगो ने कीमारपीटविश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के मोराई की घटना

**रीवा।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत मोराई में सड़क निर्माण में लगे कर्मचारियों से मारपीट का मामला सामने आया है। पूरी घटना की शिकायत विश्वविद्यालय पुलिस से की गई है, जिसके बाद पुलिस कार्रवाई कर रही है। बताया जा रहा है कि जिस मार्ग में सड़क निर्माण चल रहा है वहा पूर्व से मौजूद 15 फुट चौड़ी सड़क में से 5 फिट जमीन अवैध रूप से बेच दी गई, जिससे सड़क की चौड़ाई घटकर अब 10 फिट रह गई है। आरोप है कि जब नगर निगम द्वारा सड़क निर्माण का कार्य शुरू कराया गया और ठेकेदार के कर्मचारियों ने मौके पर काम शुरू किया, तभी जमीन से जुड़े लोगों ने विरोध करते हुए हॉकी डंडों के साथ गुंडागर्दी की और नगर निगम ठेकेदार के कर्मचारियचों से मारपीट करते हुए धमकी दी। घटना के दौरान मौके पर मौजूद एक आर्मी जवान की पत्नी के साथ भी गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किए जाने का आरोप है। पीड़ितों का कहना है कि विरोध करने पर उन्हें लगातार डराया-धमकाया जा रहा है। फिलहाल पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई है, वही सड़क निर्माण कर रहे ठेकेदार ने स्थानीय पार्षद को घटना से अवगत कराते हुए निर्माण काम को बंद कर दिया है।

---

### सुनवाई के दौरान 10 आवेदन पत्रों का निराकरण किया

## कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की समाधान ऑनलाइन प्रकरणों की समीक्षा

**रीवा**




**रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग के सभी जिलों में समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में शामिल आवेदन पत्रों के निराकरण की समीक्षा की। संभाग के विभिन्न जिलों में 14 आवेदन पत्र इस माह की समाधान ऑनलाइन की समीक्षा में शामिल हैं। कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित आवेदनों पर तत्परता से कार्यवाही करें। प्रकरण में अंतिम कार्यवाही होने से पहले उसे फोर्स क्लोज न करें।**

आमजनता को शासन की योजनाओं का तत्परता से लाभ दें, जिससे उसे योजना का लाभ पाने के लिए भटकने और सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने की आवश्यकता न रहे। सीधी जिले में गाज गिरने से भैंस की मौत के राहत प्रकरण के संबंध में कमिश्नर ने कहा कि प्रकरण को मंजूर करने में एक वर्ष की देरी की गई। पटवारी ने प्रकरण के संबंध में सही रिपोर्ट नहीं दी तथा तहसीलदार ने कम राशि का भुगतान किया। कलेक्टर आवेदक को पूरी राशि का भुगतान कराएं। संबंधित पटवारी को निलंबित करें तथा तहसीलदार बहरी को कारण बताओ नोटिस दें। कमिश्नर ने सतना जिले के प्रकरण की सुनवाई करते हुए कहा कि ग्राम पालदेव में आवेदक के कटहल के पेड़ों के ऊपर से बिजली के तार गए हैं। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार लाइन शिफ्टिंग की कार्यवाही करें। सतना जिले के एक अन्य प्रकरण के संबंध में कमिश्नर ने कलेक्टर और वन मण्डलाधिकारी को मौके पर जाकर वस्तुस्थिति के अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान रीवा जिले के दो, सिंगरौली जिले के तीन, सतना जिले के तीन, सीधी जिले के तीन तथा मैहर एवं मऊगंज के एक-एक आवेदन पर सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान 10 आवेदन पत्रों का निराकरण किया गया। सुनवाई के दौरान संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, उपायुक्त एलएल अहिरवार, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, संबंधित संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। अन्य जिलों के कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

---

# निलंबन सिर्फ कागजों में, खुलेआम ड्यूटी कर रहा निलंबित कर्मचारी



**रीवा।** रीवा जिले में प्रशासनिक अनुशासन और कार्रवाई की पोल एक बार फिर खुलकर सामने दिखाई दे रही है । अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत रीवा जिला प्रशासन पर पूरी तरह फिट बैठती नजर आ रही है। हालात ऐसे हैं कि अब प्रशासन अपने ही कर्मचारियों पर नियंत्रण रखने में पूरी तरह नाकाम दिखाई दे रहा है। ताजा मामला गोबिंदगढ़ का है, जहां निलंबन जैसी सख्त कार्रवाई भी मजाक बनकर रह गई है।कुछ ही दिन पहले कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर अधिकारियों के नाम पर अवैध वसूली करने के गंभीर ऑडियो वायरल होने पर सहायक समिति प्रबंधक गोबिंदगढ़ अनिल चतुर्वेदी को निलंबित किया गया था। लेकिन हैरानी की बात यह है कि यह निलंबन केवल फाइलों और आदेश पत्रों तक ही सीमित होकर रह गया। जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। निलंबित किए जाने के बाद भी अनिल चतुर्वेदी प्रतिदिन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा गोबिंदगढ़ में खुलेआम बैठककर अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं। न कोई रोक, न कोई टोक, और न ही प्रशासन का कोई डर। विवादों से पुराना नाता, फिर भी बेखौफबताया जाता है कि अनिल चतुर्वेदी का नाम कोई नया नहीं है। वे हमेशा अपनी कार्यशैली को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। कभी किसानों से अवैध रूप से पैसे मांगने के आरोप, कभी चेक में ओवरराइटिंग कर समिति के खाते से कथित तौर पर अवैध निकासी, तो कभी खुलेआम गुंडागर्दी इन तमाम कारनामों में उनका नाम पहले भी सामने आता रहा है। इसके बावजूद न तो अब तक कोई ठोस कार्रवाई हुई और न ही सुधार नजर आया।सूत्रों की मानें तो निलंबित सहायक समिति प्रबंधक को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा गोबिंदगढ़ के शाखा प्रबंधक रामकुशल वर्मा का संरक्षण प्राप्त है। यही वजह है कि निलंबन के बावजूद अनिल चतुर्वेदी न सिर्फ कार्यालय में बैठ रहे हैं, बल्कि खुलेआम जिला प्रशासन को चुनौती देते नजर आ रहे हैं।